## वन अमले के शहीद को न्याय दिलाने उठी आवाज रेत माफियाओं का खूनी खेल-बीट ऑफिसर की हत्या के बाद फूटा वन अमले का गुस्सा!

**जंगल बचाते-बचाते जान गई, अब न्याय की लड़ाई तेज!**






**शहीद हरिकेश गुर्जर को न्याय दिलाने सड़कों पर उतरा कर्मचारी संघ, वन कर्मियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल, सरकार से 25 मांगों का अल्टीमेटम, जंगल की रक्षा हम करें, हमारी रक्षा कौन करेगा?**

आलीराजपुर। मध्यप्रदेश वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने वन विभाग के बीट ऑफिसर शहीद हरिकेश गुर्जर को न्याय दिलाने हेतु प्रदेश स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सख्त कार्रवाई और शहीद परिवार के लिए सम्मानजनक सहायता की मांग की गई है।

बताया गया कि 08 अप्रैल 2026 को अवैध रेत परिवहन रोकने के दौरान माफियाओं द्वारा हमला कर बीट ऑफिसर हरिकेश गुर्जर की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मुख्य मांगें क्या हैं?

संघ ने ज्ञापन में 25 बिंदुओं के माध्यम से कई अहम मांगें रखी हैं, जिनमें प्रमुख हैं–

शहीद हरिकेश गुर्जर को तत्काल शहीद का दर्जा दिया जाए
परिवार को ?1.25 करोड़ की आर्थिक सहायता
परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी
बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च शासन उठाए
विशेष पारिवारिक पेंशन व आवास सुविधा
आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई व संपत्ति जब्ती
वन अमले को हथियार, सुरक्षा उपकरण व विशेष अधिकार
अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जाए

### वन अमले की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

संघ ने कहा कि लगातार बढ़ते हमलों के बावजूद वन कर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल रही है। कई मामलों में अधिकारी कार्यालयों में बैठकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जबकि जमीनी अमला अपनी जान जोखिम में डाल रहा है।

### चेतावनी भी दी

संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### संघ का सवालः

जंगल की रक्षा हम करें, हमारी रक्षा कौन करेगा?
यह मामला अब प्रदेश में तूल पकड़ता जा रहा है और सरकार के अगले कदम पर सबकी नजरें टिकी हैं

# टेट के विरोध में भोपाल में दिनांक 18 को जंगी प्रदर्शन की हो रही तैयारी

झाबुआ। टेट का विरोध शिक्षकों ने जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर पर विगत दिन खुब किया गया, जहां झाबुआ, मेघनगर, थांदला, पेटलावद, रामा आदि अनेक को जगहो पर देखने को मिला है। अब 18 तारीख को भोपाल में शिक्षक लोग टेंट के विरोध में जंगी प्रदर्शन करने के लिए वहां पहचेंगे।





**सरकार हमारी लड़ाई लड़ें और टेंट को निरस्त करवाने में सहयोग करें-ब्रजकिशोर सिकरवार**

**ब्लॉक स्तर पर धारना प्रदर्शन कर अब भोपाल का करेंगे रूख**

शिक्षक ब्रजकिशोर सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले 4 दिन बाद 18 तारीख को जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक लोग भोपाल पहुंचेंगे, झाबुआ जिले से लगभग 5000 से अधिक शिक्षक लोग इस जंगी प्रदर्शन में शामिल होंगे। जिसके लिए कई बसें की गई है, कई शिक्षक अपने निजी वाहन से भी वहां पहुंचेंगे, कई लोगों ने किराए के चार पहिया वाहन से भी पहुंचने के लिए तैयारी कर ली गई है। वही कई शिक्षक अपने-अपने रूट से भी वहां पहुंच रहे हैं कुछ शिक्षक ट्रेनों के माध्यम से भी पहुंचेंगे।

अनुमान लगाया जा रहा है कि 5 से 7000 शिक्षक लगभग इस जिले से पहुंचने की तैयारी में लग गए हैं।

ब्रजकिशोर सिकरवार ने आगे कहा कि टेंट के विरोध में सभी शिक्षक एकजुट हैं इसे निरस्त हर हाल में करना ही पड़ेगा, नहीं तो आगे और लड़ाई लड़ी जाएगी, हमारा तो यहां तक कहना है कि सरकार हमारी लड़ाई लड़े, वह इसे निरस्त करवाने में हमारा सहयोग प्रदान करें। बस हम यही चाहते हैं। हमने विगत दिनों जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया था वही कल हमने जिले भर में ब्लॉक स्तर पर भी धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

### ब्लॉक स्तर पर भी हुआ प्रदर्शन

ब्रजकिशोर सिकरवार कहा कि विगत एक दिन पूर्व सयुंक्त मोर्चा के बैनर तले अध्यापक शिक्षक संघ के ब्लॉक झाबुआ इकाई ने अम्बेडकर पार्क मे धारना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम से रैली व नारे लगाते कलेक्टर परिसर मे तहसीलदार झाबुआ को ज्ञापन सौंपा गया। वही मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन मे टेट परीक्षा वापस लेने के लिए शासन याचिका दायर करे,वरिष्ठत्ता नियुक्ति दिनांक से दी जावे आदि अनेकों मांगे रखी गई है। ब्लॉक स्तरीय धारना प्रदर्शन मे जिले के पदाधिकारी गजेंद्र सिंह चंदरावत, प्रकाश पालीवाल, महेन्द्रसिंह कछावा,किशोर परमार, ब्रजकिशोर सिकरवार,अजय देशमुख,केशव बुंदेला, शीला सिसोदिया सुरेखा पाठक,नम्रता यादव, रचना चंदेल, जावेदा खान हीना कोठारी, इंदिरा गुंडिया, ज्योति सोनी, मगनसिंह बघेल अन्य उपस्थित होकर शिक्षकों को मांगो के बारे मे बताया व सम्बोधित किया गया। झाबुआ ब्लॉक के पदाधिकारी सुनील सिंगार,कमेश सिंगार, विनोद बड़ई, आशा राठौर, यशोदा बारिया, कीर्तिश राठौर, सुरेन्द्र द्विवेदी, कालूसिंह सिंगार,किरण बामनिया,हेमंत परमार, संगीता बामनिया,रोशनी मेडा, संगीता बामनिया,केशु बारिया, मनीष सिंगाड़िया, रणछोड़ राठौर, मनीष सोनी, विवेक दुबे, प्रद्धयुमन जैन,राकेश सोलंकी, कांता सोलंकी, महेन्द्र सिंह गेहलोत, सुभास राजपुत, अजय परमार, नरेन्द्र डामोर,ज्योति सोनी उपस्थित रहकर धारना प्रदर्शन में शामिल हुए। वही समस्त शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि यदि सरकार टेट परीक्षा निरस्त के लिए याचिका दायर नहीं करती हैं तो सयुंक्त मोर्चे के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 18 अप्रैल को झाबुआ से अधिक से अधिक संख्या मे शिक्षक भोपाल जायेगे व धारना प्रदर्शन मे शामिल होंगे।

## नवागत कलेक्टर ने देवझिरी मंदिर में दर्शन कर ग्रहण किया पदभार

झाबुआ। नवागत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट ने आज प्रातः देवझिरी स्थित प्राचीन संकट मोचन महादेव मंदिर में पहुँचकर विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान महादेव से जिले की समृद्धि, सुख-शांति एवं सर्वांगीण विकास की कामना की।




मंदिर दर्शन के उपरांत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट कलेक्टर कार्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कलेक्टर डॉ.भरसट ने जिले के समग्र विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और जनहित को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर सीएस.सोलंकी. सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, संयुक्त कलेक्टर विजय कुमार मंडलोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ महेश मंडलोई एवं अन्य उपस्थित रहे।

विगत एक दिन पूर्व ही रविवार को झाबुआ पहुंचे नवागत कलेक्टर....

विगत एक दिन पूर्व ही रविवार को झाबुआ पहुंचे नवागत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट ने अपने आगमन पर सपरिवार जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों का दौरा किया गया था। उन्होंने रविवार को

शहर के बीचोंबीच स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी कालका मंदिर व संकट मोचन हनुमान मंदिर टेकरी में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। नवागत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट के झाबुआ आगमन पर उन्होंने सपरिवार सर्वप्रथम जिले के आस्था केंद्र प्राचीन दक्षिणमुखी कालका मंदिर पहुंचकर माता कालका के दर्शन किए थे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा की गई, जिसमें स्थानीय पुजारी एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। दक्षिणमुखी कालका मंदिर अपनी धार्मिक मान्यता एवं ऐतिहासिक महत्व के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ.भरसट ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने जनकल्याण एवं प्रशासनिक दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु प्रार्थना की थी।

## कलेक्टर श्रीमती माथुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्षीर धारा ग्राम योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय संयुक्त समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रथम चरण में चयनित ग्रामों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग अधिकारी श्री खरत ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करना एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। इस हेतु विकासखंडवार चयनित ग्रामों में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बताया कि चयनित गांवों में योजना अंतर्गत नस्ल सुधार, टीकाकरण, अच्छे पशुपालन को प्रोत्साहित करने के कार्य किया जा रहे है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत वन विभाग, पंचायत विभाग और कृषि विभाग को जोड़ने है,ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही उप संचालक कृषि श्री एस एस चौहान को प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को इस योजना से जुड़ने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम,संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, उप संचालक कृषि श्री सज्जन सिंह चौहान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समस्त सीडीपीओ आंगनवाड़ियों में मंगल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें-कलेक्टर श्रीमती माथुर

**कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न**

आलीराजपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण कर जिले को 'ए ग्रेड' रैंकिंग में लाया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत अस्वीकृत प्रकरणों के कारण सहित जानकारी कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छात्रावासों के हर माह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा पिछली कमियों का अगली निरीक्षण में सुधार किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभागों को अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजें। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी तहसीलदारों को फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा से बाहर हुए मामलों में संबंधित अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी सीडीपीओ को आंगनवाड़ियों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रत्येक केंद्र पर प्रति मंगलवार मंगल दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक के दौरान जिला आधार निगरानी समिति की बैठक पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त विकासखण्ड स्तर पर भी बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के निर्देश दिए जिसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा, सुश्री दीपिका पाटीदार सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 25 अप्रैल तक होगा आयोजित

आलीराजपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, सम्मेलन एवं संवाद आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में प्रबुद्ध महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष रूप से नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस पदयात्रा में प्रबुद्ध महिलाओं की सहभागिता रहेगी साथ ही शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नारी शक्ति वंदन विषय पर चर्चा आयोजित की जाएगी।

## पेटलावद के थांदला मार्ग पर किराने की दुकान की आड़ में अवैध शराब की हो रही है बिक्री

पेटलावद। थांदला मार्ग पर एक किराने की दुकान की आड़ में अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि दुकानदार दिन-रात किराने के सामान के साथ-साथ शराब बेच रहा है। ग्राहक खुले आम आते-जाते हैं और बिना किसी डर के शराब खरीद ले जाते हैं।



सूत्रों के अनुसार, यह दुकान मुख्य सड़क से कुछ ही दूरी पर है, जहां किराने की दुकान की आड़ में बेखौफ अवैध रूप से शराब भी बेची जा रही है। कई बार स्थानीय युवा और आसपास के गांवों के लोग यहां से शराब लेकर जाते देखे गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह धंधा लंबे समय से चल रहा है और पुलिस-आबकारी विभाग को भी इसकी भलीभांति जानकारी है।

पेटलावद क्षेत्र में पहले भी अवैध शराब की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

बदनावर-थांदला हाईवे पर भी कई होटल-ढाबों पर खुलेआम अवैध शराब बिक्री का व्यवसाय फल फूल रहा हैं। पुलिस जरूर कभी कभार अप्रभावी कार्यवाही करती है लेकिन काम चलाऊ कार्यवाही से इन अवैध शराब माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

स्थानीय निवासियों ने अपना नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस दुकान पर छापा मारा जाए, अवैध शराब जब्त की जाए और सख्त कार्वाई की जाए। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जिस तरह से अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है उससे अपराध भी बढ़ रहे है।

# एमपीआरडीसी ने जारी किया 1172 करोड़ का मेगा टेंडर

**बड़वाह-धामनोद मार्ग पर बनेगा फोरलेन, निमाड़ के विकास को लगेंगे पंख**

महेश्वर ( इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (MPRDC) ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए बड़वाह-धामनोद मार्ग के कायाकल्प हेतु 1172.51 करोड़ रुपए का मेगा टेंडर जारी कर दिया है। इस निविदा के माध्यम से स्टेट हाईवे-36 की सूरत पूरी तरह बदलने वाली है, जहां लगभग 62 किलोमीटर लंबी सड़क को हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल (HAM) के तहत वर्तमान दो लेन से बढ़ाकर पेव्ड शोल्डर के साथ चार लेन किया जाएगा। निगम द्वारा जारी इस आधिकारिक निविदा (आईडी- 2026_MPRDC_494497-1) के साथ ही क्षेत्र के सबसे प्रतीक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की उलटी गिनती शुरू हो गई है। यह परियोजना न केवल यातायात को सुगम बनाएगी बल्कि इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग और आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच एक बेहद मजबूत और आधुनिक कनेक्टिविटी कॉरिडोर के रूप में उभरेगी। इस वृहद परियोजना की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने बेहद कड़े मानक तय किए हैं, जिसके तहत निविदा में शामिल होने वाली फर्मों के लिए 11.72 करोड़ रुपए की बयाना राशि (EMD) अनिवार्य की गई है। 25 मार्च से शुरू हुई इस टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने के इच्छुक संवेदकों के लिए 1 अप्रैल को भोपाल स्थित मुख्यालय में एक प्री-बिड बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें तकनीकी पहलुओं और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बता दे की टेंडर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की गई है, जिसके अगले ही दिन 24 अप्रैल को तकनीकी बिड खोली जाएगी। मुख्य अभियंता (खरीद) की देखरेख में चलने वाली इस पूरी प्रक्रिया में निर्माण की गुणवत्ता के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि निमाड़ अंचल के किसानों, व्यापारियों और आम जनता को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सड़क सुविधा मिल सके। आने वाले समय में यह फोरलेन मार्ग क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का नया द्वार खोलेगा और सफर के समय में भारी कटौती के साथ सुरक्षा मानकों को भी बेहतर करेगा।

